दिनांक:12.10.2024 समय 02:10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

विजयदशमी-शस्त्र पूजा

दशहरा पर्व देशभर में आज उत्साह और परम्परा अनुसार मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक इस पर्व पर जगह जगह रावण दहन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की है कि मां दुर्गा और भगवान श्री राम के आशीर्वाद से लोग जीवन के हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को विजयदशमी के पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री धनखड़ ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने सभी से सभी बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इधर प्रदेश में भी विजयदशमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस

मौके पर शासकीय तौर पर पहली बार प्रदेश में शस्त्र पूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ड़ॉ मोहन यादव महेश्वर और इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष का दशहरा पर्व महिला सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित रहेगा।

देवी अहिल्याबाई ने देश भर में जन-कल्याण के अनेक महती कार्य संपन्न करवाए। इन कार्यों की स्मृति और देवी अहिल्याबाई के योगदान से नई पीढ़ी को अवगत करवाने और उनके सम्मान में दशहरा पर्व पर शस्त्र-पूजन के कार्यक्रम किया जा रहा है। कटनी में सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा शस्त्र पूजन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शस्त्र पूजन परंपरा को संस्कृति का हिस्सा बताया है।

रायसेन से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची

विधायक डा प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, कलेक्टर अरविंद दुबे एसपी पंकज पांडेय शस्त्र पूजा में शामिल हुए। शिवपुरी में आज विजयदशमी के मौके पर पुलिस लाइन पहुंचकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने यहां पर शस्त्र पूजा की। विधि विधान से शस्त्र पूजा के दौरान कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

विजयदशमी- आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर दुख: व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में शर्मनाक और अपमानजनक घटना अपराध और राजनीति के बीच सांठगांठ का परिणाम है। डॉक्टर भागवत ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 99वें स्थापना दिवस पर नागपुर में विजयादशमी के मुख्य समारोह को संबोधित किया। उन्होंने शैक्षिक संस्थानों में सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों की कमी के लिए

कुछ ओटीटी प्लेटफॉर्म जिम्मेदार हैं और इसे कानून द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख ने विजयदशमी पर शस्त्रपूजन भी किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख डॉ. के. राधाकृष्णन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने उच्च शिक्षा में बदलाव लाया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत को एक जीवंत ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदल देगी। इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस भी उपस्थित थे।

विजयदशमी - प्रदेश

प्रदेश के सभी जिलों में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस बार कुम्भकर्ण और मेघनाथ के 25-25 फीट ऊंचे पुतलों का भी दहन किया जाएगा। पन्ना में छात्रासल मैदान के सामने रात 10 बजे रावण और उसके पुतलों का दहन किया जायेगा। सतना में रावण दहन का मुख्य आयोजन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के पीछे दक्षिणी मैदान धवारी में किया जायेगा।

मुरैना में अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व दशहरा हर्षोउल्लास से मनाया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार ---

- पन्ना टाइगर रिजर्व मे नेचर कैंप का आयोजन 3 नवम्बर से 23 फ़रवरी तक किया जायेगा।
- कटनी में कैंसर मरीजों का निःशुल्क जाँच एव उपचार शिविर आज आयोजित किया जा रहा है।
- खरगोन जिले के कमोदवाडा के वेदा नदी में बाढ़ के पानी में फंसे पांच लोगों को जेसीबी से पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से रेस्क्यू किया गया।

नमस्कार